समीक्षा | कलेक्टर ने की सरकारी कार्यों की समीक्षा, गेहूं खरीदी केन्द्र में चलेगा सदस्यता अभियान, ई विकास प्रणाली से मिलेगी खाद

मिलावट करने वालों पर दर्ज होगी एफआईआर

नवभारत, कटनी। कलेक्टर आशीष तिवारी ने सोमवार को आयोजित समय-सीमा बैठक में अशुद्ध और मिलावटी खाद्य पदार्थ बनाने वालों के विरूद्ध सख्त रूख अपनाते हुये अधिकारियों को जिले में अभियान चलाकर चिप्स, मसाले, ब्रेड सहित अन्य खाद्य पदार्थों का निर्माण करने वाली बड़ी फैक्ट्रियों का औचक निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कि खाद्य पदार्थों में अशुद्धता और मिलावट और खराब खाद्य पदार्थ पाए जाने पर तत्काल कार्रवाई करते हुए दोषियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराएं।

कलेक्टर ने ई-विकास प्रणाली से खाद का वितरण नहीं करने वाली पैक्स के समिति प्रबंधकों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश कृषि कल्याण विभाग के उपसंचालक को दिए। जिले में आयुष्मान कार्ड बनाए जाने की धीमी गति पर नाराजगी जाहिर करते हुए कलेक्टर ने सीएमएचओ को इस कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। जिले में संचालित प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों में किसानों को सदस्य बनाने के लिए चलाए जा रहे अभियान की समीक्षा करते हुये कलेक्टर ने को-ऑपरेटिव बैंक के नोडल जयति बिलथरिया को गेहूं खरीदी केन्द्रों में कैम्प लगाकर सदस्यता अभियान चलाने के निर्देश दिए। 15 मई तक चलने वाले इस अभियान का प्रमुख उद्देश्य राज्य के सभी पात्र गैर-सदस्य किसानों को पैक्स सदस्यता से जोड़ना है, जिससे उन्हें संस्थागत ऋण, कृषि सेवाओं और सहकारी सुविधाओं तक सुगम पहुंच प्राप्त हो सके। बैठक के दौरान कलेक्टर ने सभी एसडीएम को जिले में विस्फोटक फैक्ट्री, भंडारगृह, मैंगनीज, गैस गोदाम, पेट्रोल पंप, अमोनियम नाइट्रेट स्टोर हाउस की जांच करने के निर्देश दिए। उन्होने फार्मर आईडी रजिस्ट्रेशन कार्य की समीक्षा कर राजस्व अधिकारियों को साप्ताहिक लक्ष्य बनाकर फार्मर रजिस्ट्री के निर्देश दिए। कलेक्टर ने नामांतरण, बंटवारा और सीमांकन के लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए लंबित प्रकरणों को जल्द निराकृत करने के निर्देश दिए। इस दौरान तहसीलवार डाटा के डिजिटाइजेशन प्रगति की भी समीक्षा की गई। जनगणना 2027 के अंतर्गत जिले में 1 मई से शुरू हुये मकान सूचीकरण कार्य की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने अधिकारियों को तय समय-सीमा में मकान सूचीकरण का कार्य पूरा करने के निर्देश दिए।

साथ ही उन्होंने हिदायत दी कि जिन प्रगणकों द्वारा मकान सूचीकरण का कार्य पूरा कर लिया गया है, वे सूचीकरण का डाटा पोर्टल पर इंट्री करना सुनिश्चित करें। साथ ही उन्होने निर्देशित किया कि सुपरवाइजर डाटा का सत्यापन करने के बाद ही डाटा फ्रीज करें। कलेक्टर ने एमएमएमई, जल संसाधन, वन, कृषि, पीडब्ल्यूडी, ओबीसी, सहकारिता, उद्यानिकी, अनुसूचित जाति, स्कूल शिक्षा, श्रम, वित्त, सामाजिक न्याय, साईस एण्ड टेक, पीएचई, वाणिज्यिक कर, खाद्य विभाग, खनिज, स्वास्थ्य, महिला बाल विकास, परिवहन, उर्जा विभाग के अंतर्गत लंबित सीएम हेल्पलाइन शिकायतों की समीक्षा की और सभी विभागों को शिकायतों के निराकरण के निर्देश दिए। कलेक्टर ने राजस्व विभाग के अंतर्गत लंबित सीएम हेल्पलाइन शिकायतों की तहसीलवार समीक्षा की। उन्होंने तहसीलदार रीठी को 50 दिवस से अधिक समय से लंबित शिकायतों के निराकरण के निर्देश दिए। बैठक के दौरान जिला पंचायत सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर, निगमायुक्त तपस्या परिहार, अपर कलेक्टर नीलांबर मिश्रा, सहायक कलेक्टर श्लोक वाइकर सहित जिले के सभी विभागों के अधिकारियों की मौजूदगी रही।

चांडक चौक में भीषण गर्मी में एक घंटे तक लगा रहा जाम

भीषण गर्मी में जाम मे फंसे लोगों को हुई परेशानी

नवभारत, कटनी। शहर में सोमवार दोपहर चांडक चौक और बस स्टैंड रोड पर भीषण जाम लग गया। करीब एक घंटे तक चले इस जाम के कारण सैकड़ों वाहन चालक चिलचिलाती धूप में परेशान होते रहे। जाम ने शहर की यातायात व्यवस्था की बदहाली उजागर कर दी। दोपहर लगभग एक बजे चांडक चौक तिराहे से शुरू हुआ जाम बस स्टैंड रोड तक फैल गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार जाम की लंबाई करीब एक किलोमीटर तक पहुंच गई थी। इसमें सैकड़ों दोपहिया, चारपहिया और भारी वाहन फंसे रहे, जिससे पैदल चलने वालों को भी निकलने में मुश्किल हुई। स्थानीय नागरिकों और राहगीरों ने इस स्थिति के लिए प्रशासन पर रोष व्यक्त किया है। उनका कहना है कि सड़कों के दोनों ओर अव्यवस्थित ढंग से खड़े वाहन और दुकानदारों द्वारा सड़क तक बढ़ाए गए सामान व अस्थायी अतिक्रमण जाम का मुख्य कारण हैं। इससे मुख्य मार्ग संकरा हो जाता है और वाहनों की आवाजाही बाधित होती है। जाम की सूचना मिलने पर यातायात पुलिस के जवान मौके पर पहुंचे। घंटों की मशक्कत के बाद धीरे-धीरे वाहनों की आवाजाही सामान्य हो पाई। राहगीरों का कहना है कि यदि समय रहते अतिक्रमण और अवैध पार्किंग पर स्थायी अंकुश नहीं लगाया गया, तो चांडक चौक और बस स्टैंड रोड पर लगने वाले ये जाम शहर की एक नियमित समस्या बन जाएंगे।

दोपहर की चिलचिलाती धूप की वजह से जाम में फंसे लोगों को और अधिक परेशानी का सामना करना पड़ा।

एक नजर में

तालाब में नहाने गए बालक की डूबने से मौत

नवभारत, कटनी। जिले के जरवाही गांव में सोमवार दोपहर करीब 2 बजे एक 8 वर्षीय बालक की तालाब में डूब गया। बालक रघु कोल अपने घर के पास स्थित तालाब में नहाने गया था, जहां खेलते समय वह गहरे पानी में चला गया। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद उसे पानी से बाहर निकाला, लेकिन अस्पताल ले जाते समय उसने दम तोड़ दिया। बालक को डूबते देख वहां मौजूद स्थानीय लोगों ने तुरंत तालाब में छलांग लगा दी। पानी में अत्यधिक गहराई और कीचड़ होने के कारण उसे ढूंढने में काफी समय लगा। काफी देर की तलाश के बाद ग्रामीणों ने अचेत अवस्था में रघु को बाहर निकाला। परिजन उसे निजी वाहन से तत्काल जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने प्राथमिक जांच के बाद 8 वर्षीय रघु को मृत घोषित कर दिया। अस्पताल प्रबंधन की सूचना पर माधव नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लिया। पुलिस ने कानूनी प्रक्रिया पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। माधव नगर थाना पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर घटना की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा। पुलिस जांच कर रही है कि घटना के समय बालक के साथ कौन-कौन मौजूद था।

सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढों से हर समय हादसे का खतरा

उमरियापान से सिहोरा मार्ग की मरम्मत कराए जाने की मांग

नवभारत, उमरियापान। जिले के उमरियापान से सिहोरा मार्ग पर सड़क की बदहाल स्थिति राहगीरों के लिए बड़ी परेशानी का कारण बनी हुई है। उमरियापान से लगभग चार-पांच किलोमीटर दूरी पर कटकहरी पुल के करीब सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं, जिससे आए दिन दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। स्थानीय लोगों एवं वाहन चालकों ने बताया कि सड़क पर बने गहरे गड्ढों के कारण दोपहिया और चारपहिया वाहन चालकों को आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। विशेषकर रात के समय और बारिश में यह मार्ग और अधिक खतरनाक हो जाता है। कई बार वाहन चालक अचानक गड्ढों में फंसकर अनियंत्रित हो जाते हैं, जिससे दुर्घटनाएं होने का खतरा बढ़ गया है। ग्रामीणों ने संबंधित विभाग से मांग की है कि जल्द से जल्द सड़क की मरम्मत कर गड्ढों को भरा जाए, ताकि राहगीरों को राहत मिल सके और किसी बड़ी दुर्घटना से बचाव हो सके। लोगों का कहना है कि समय रहते सड़क सुधार कार्य नहीं हुआ तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

लाखों की नल-जल योजना बनी शोपीस, पेयजल के लिए ग्रामीण परेशान

ग्रामीणों का आरोप, देखरेख के आभाव में ठप हुई योजना

नवभारत, रीठी। जिले के रीठी तहसील मुख्यालय के करीब 3 किलोमित दूर स्थित ग्राम पंचायत बरहटा में ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए लाखों रुपये की लागत से बनाई गई नल-जल योजना आज बदहाली की तस्वीर बन चुकी है। जिस योजना से हर घर तक पानी पहुंचना था, वहां अब टंकी वीरान खड़ी है, मोटर कचरे और झाड़ियों में दब चुकी है और नया ट्रांसफार्मर कबाड़ में तब्दील होता नजर आ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि योजना शुरू होने से पहले ही दम तोड़ चुकी है। सरकार की महत्वाकांक्षी नल-जल योजना के तहत ग्राम पंचायत बरहटा में पानी सप्लाई के लिए बोरवेल खनन कराया गया था। इसके साथ हाई क्वालिटी की मोटर भी लगाई गई थी ताकि गांव के लोगों को नियमित पानी मिल सके। लेकिन आज हालात यह हैं कि मोटर खुले में पड़ी-पड़ी खराब हो रही है। आसपास झाड़ियां और कचरा जमा हो चुका है, जिससे साफ दिखाई देता है कि लंबे समय से इसकी कोई देखरेख नहीं हुई। योजना के संचालन के लिए नया बिजली ट्रांसफार्मर भी लगाया गया था, लेकिन अब उसकी हालत भी कबाड़ जैसी हो गई है। रखरखाव के अभाव में पूरी व्यवस्था जर्जर होती जा रही है।

ग्रामीणों ने आज रविवार दोपहर करीब 3 बजे बताया कि लाखों रुपये खर्च होने के बावजूद उन्हें आज तक योजना का लाभ नहीं मिला। पानी की समस्या जस की तस बनी हुई है और जिम्मेदार अधिकारी केवल कागजों में योजना पूरी दिखा रहे हैं। सरकार ने टंकी तो बनवा दी, लेकिन आज तक पानी नहीं मिला। मोटर और ट्रांसफार्मर खराब हालत में पड़े हैं, कोई देखने वाला नहीं है। गांव के लोगों का कहना है कि यदि समय रहते योजना की मरम्मत और संचालन शुरू नहीं किया गया, तो लाखों रुपये की यह परियोजना पूरी तरह बर्बाद हो जाएगी।

खेत तालाब बनाने से मिलेगा सिंचाई के लिए पानी, बढ़ेगी आमदनी

जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत कराया जा रहा कार्य

नवभारत, कटनी। मानव जीवन विकास समिति सचिव और पर्यावरणविद निर्भय सिंह के नेतृत्व में जल गंगा संवर्धन अभियान को सफल बनाने समिति के प्रयास से जिले में जल संरक्षण के प्रति जन जागरूकता और खेत तालाब, कुंआ का निर्माण कराया जा रहा है। इससे गांव गांव में जन जागरूकता का सन्देश पहुंचेगा और सभी ग्रामवासियों की मदद से अधिक मात्रा में जल बचा पाएंगे। समिति के प्रयासों से 10 खेत तालाब और 8 कुंआ निर्माण कराया जा रहा है। जिसमे बड़वारा ब्लॉक के भजिया, पठरा, बंदरी और अमाड़ी गांव में 5 खेत तालाब बनाये जा रहे है जिसमें से 3 कम्प्लीट हो गए है 2 खेत तालाब के काम प्रगतिरत है। ढीमरखेड़ा ब्लॉक के महगवां दैगवां, अतरिया और कटरिया गांव में 5 खेत तालाब बनाए जा रहे है जिसमे से 3 कम्प्लीट हो गए है 2 खेत तालाब के काम प्रगतिरत है। किसानो का मानना है की एक खेत तालाब से 5 एकड़ जमीन सिंचित होती है तो 10 खेत तालाब बनने से 50 एकड़ जमीन सिंचित होगी जिसमे किसानो की आमदनी बढ़ेगी। जल संरक्षण को ध्यान में रखते हुए जिले के बड़वारा ब्लॉक के रोहनिया, चपहनी और अमाड़ी गांव में 3 किसानों के यहां कुंआ का निर्माण कराया जा रहा है जिसमें से 2 के काम प्रगतिरत है 1 का काम प्रस्तावित है। ढीमरखेड़ा ब्लॉक के कुदरा, पहरुआ, भलवारा, कटरिया और दादर सिहुडी गांव में 5 कुंआ का निर्माण कराया जा रहा है जिसमे 1 का काम प्रगतिरत है 4 का काम अभी प्रस्तावित है। किसानो का मानना है की यदि 1 कुंआ बनने से 3 एकड़ जमीन सिंचित होती है तो 8 कुंआ बनने से 24 एकड़ जमीन सिंचित होगी।

किसानो की आमदनी में 4 गुनी बढ़ोत्तरी होने की संभावना है। इसके साथ ही खेत तालाब और कुंआ के बनने से आसपास के क्षेत्र का वाटर लेवल भी बढ़ेगा।

जर्जर भवनों को हटाएं, प्रमाणपत्र भी दें उपयंत्री

नगर निगम आयुक्त ने अधिकारियों को दिए निर्देश

नवभारत, कटनी। नगर निगम आयुक्त तपस्या परिहार ने सोमवार को आयोजित समय-सीमा बैठक के दौरान निगम अधिकारियों को दिए। बैठक में उपयुक्त शैलेश गुप्ता सहित कार्यपालन यंत्री सुधीर मिश्रा, अंशुमान सिंह, असित खरे, राजस्व अधिकारी जागेश्वर प्रसाद पाठक सहित सभी शाखाओं के प्रभारी अधिकारी, लिपिकों की उपस्थिति रही। निगमायुक्त ने समीक्षा बैठक के दौरान नगर के जर्जर भवनों के संबंध में धीमी गति से कार्रवाई किए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए आम जनमानस की सुरक्षा को दृष्टिगत रख गंभीरता से कार्रवाई करने के निर्देश दिए। निगमायुक्त ने निर्देशित किया कि उपयंत्री अपने अपने वार्डों में रोजाना भ्रमण कर जर्जर भवनों पर कार्रवाई कराना सुनिश्चित करें। साथ ही इस आशय का प्रमाण पत्र भी प्रस्तुत करें कि अब उनके वार्ड में कोई भी जर्जर भवन नहीं है। बैठक में सर्वप्रथम सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों की समीक्षा करते हुए निगमायुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि अधिकतम शिकायतों का निराकरण संतुष्टि के साथ किया जाए, ताकि नागरिकों को बार-बार शिकायत करने की आवश्यकता नहीं पड़े। समय-सीमा में दर्ज प्रकरणों एवं महापौर जनसुनवाई के प्रकरणों की समीक्षा करते हुए निगमायुक्त ने कहा कि हर आवेदन नागरिक की अपेक्षा और विश्वास से जुड़ा होता है, इसलिए सभी प्रकरणों का निर्धारित समय में निराकरण अनिवार्य रूप से किया जाए। उन्होंने न्यायालयीन प्रकरणों आयोगों में लंबित मामलों के समयबद्ध निराकरण पर भी विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। आगामी मानसून को देखते हुए निगमायुक्त ने नगरीय क्षेत्र के समस्त वार्डों में सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ बड़े नालों और नालियों की विशेष सफाई कराने, जल संरचनाओं से अतिक्रमण हटाकर सुगम जल निकासी की व्यवस्था करने के साथ ही सुरक्षा की दृष्टि से ट्यूबवेल, खतरनाक गड्ढों को बंद कराने, खुले नालों को जाली से कवर्ड कराने के निर्देश भी दिए। इस दौरान निगमायुक्त ने स्वच्छ भारत मिशन के तहत आयोजित की जारी विभिन्न गतिविधियों सहित नगर की सफाई व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा कर अधिकारियों को निर्देश दिए। प्रधानमंत्री आवास योजना 1.0 के बीएलसी घटक के अंतर्गत पूर्ण, प्रगतिरत और अपूर्ण कार्यों सहित रिकवरी, आरसीसी के प्रकरणों 2.0 के तहत स्वीकृत डीपीआर, किश्त भुगतान सर्वे और जियो टैग की प्रगति की समीक्षा कर कर योजना में गति लाने के निर्देश दिए। जबकि योजना के एएचपी घटक के तहत ईडब्ल्यूएस, एलआईजी एमआईजी विद्युतीकरण कार्य की वर्तमान स्थिति के साथ ही आधिपत्य, हितग्राहियों द्वारा जमा राशि की समीक्षा की गई। बताया गया कि विद्युतीकरण का कार्य 90 फीसदी पूर्ण कर लिया गया है। 1390 हितग्राहियों द्वारा 17.75 करोड़ रूपए जमा किए गए है। निगमायुक्त ने योजना के तहत नवीन पात्र हितग्राहियों का गृह प्रवेश कार्यक्रम के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरा करने के भी निर्देश नोडल अधिकारी को दिए। इस दौरान निगमायुक्त ने अमृत 1.0 और 2.0 के तहत पाइपलाइन विस्तार, हाउस कनेक्शन, एसटीपी सिविल वर्क, रोड रेस्टोरेशन, ओवर टैंक, वाटर कनेक्शन की भी समीक्षा कर बारिश के पहले रेस्टोरेशन का कार्य कराने के निर्देश दिए। जल गंगा अभियान के तहत जल संरक्षण, संवर्धन की दिशा में जल ग्रहण संरचनाओं की साफ सफाई के संबंध में बताया गया कि कटनी नदी का कार्य जारी है। अभियान के तहत अब तक 18 कुओं की सफाई के साथ ही 73 सोकपिट का निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया है।

प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने का मंच देती हैं प्रतियोगिताएं

यूनिटी क्रिकेट क्लब की क्रिकेट प्रतियोगता का समापन

नवभारत, कटनी। फॉरेस्टर प्ले ग्राउंड में यूनिटी क्रिकेट क्लब कटनी द्वारा आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन समारोह बड़े ही उत्साह के हुआ। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर युवा खिलाड़ी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में साक्षी शुक्ला उपस्थित रहीं। समापन समारोह के दौरान प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों, विजेता टीमों को ट्रॉफी, मेडल, प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में शामिल सभी टीमों ने अनुशासन और खेल भावना का परिचय देते हुए शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अशोक विश्वकर्मा ने कहा कि खेलकूद सिर्फ मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि स्वस्थ शरीर, मजबूत मानसिकता और अनुशासित जीवन का आधार है उन्होंने आयोजन समिति की सराहना कर कहा कि प्रतियोगिताएं प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने का बेहतर मंच प्रदान करती हैं।

फिर शुरू अवैध खनन और परिवहन

भूला और टिकरिया में खनन माफिया सक्रिय

नवभारत, कटनी। स्लीमनाबाद तहसील के भूला और टिकरिया क्षेत्र में प्रशासनिक कार्रवाई के दावों के बावजूद अवैध खनन दोबारा शुरू होने के आरोप सामने आए हैं। ग्रामीणों के अनुसार शासकीय भूमि पर दिन-रात पोकलेन मशीनों और हाईवा वाहनों से खनन किया जा रहा है। भारी वाहनों की लगातार आवाजाही से सड़कों की स्थिति खराब हो रही है और खनन का दायरा खेती योग्य जमीन तक पहुंचने लगा है। ग्रामीणों ने प्रशासन पर निगरानी में लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि कार्रवाई कुछ दिनों तक ही सीमित रही। मनोज काछी ने बताया कि कुछ समय की शांति के बाद फिर मशीनों का शोर और धूल से लोगों की परेशानी बढ़ गई है। रात में डंपरों और जेसीबी की आवाज से लोगों की नींद प्रभावित हो रही है। ग्रामीणों ने अवैध खनन पर स्थायी और सख्त कार्रवाई की मांग की है। आपको बतादें कि भूला और टिकरिया क्षेत्र में अवैध खनन की शिकायतें लगातार आ रही है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी उदासीन रवैया अपनाए हुए हैं।

मनमानी | ढीमरखेड़ा तहसील क्षेत्र के कटारिया खरीदी केन्द्र में मनमानी से किसानों को हो रही परेशानी

गेहूं खरीदी केन्द्र में सैंपल के नाम पर की जा रही अनाज की लूट, अधिक तौला जा रहा अनाज

नवभारत, ढीमरखेड़ा। तहसील अंतर्गत आने वाले गेहूं खरीदी केंद्र कटरिया में इन दिनों किसानों का शोषण चरम पर है। केंद्र में अव्यवस्थाओं और कथित भ्रष्टाचार के चलते अन्नदाता खुद को ठगा महसूस कर रहा है। आरोप है कि यहा न सिर्फ शासन के नियमों को ताक पर रखकर अधिक वजन की तुलाई की जा रही है, बल्कि सैंपल के नाम पर किसानों के अनाज पर खुलेआम डाका डाला जा रहा है। इस केंद्र पर अनाज की गुणवत्ता जांचने के नाम पर भारी मात्रा में सैंपल निकाला जा रहा है। आश्चर्य की बात यह है कि यह सैंपल लेने के बाद वापस किसानों के बोरों में नहीं डाला जाता, बल्कि कर्मचारियों द्वारा इसका अलग ही ढेर लगा लिया जाता है। किसानों ने इसे आंखों के सामने डकैती करार देते हुए कहा कि उनकी मेहनत की कमाई को इस तरह छीनना प्रशासनिक मिलीभगत की ओर इशारा करता है। शासन द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार, एक बोरी में अनाज की तुलाई 50 किलो 200 ग्राम या अधिकतम 700 ग्राम होनी चाहिए। लेकिन कटरिया केंद्र पर नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए किसानों से प्रति बोरी 51 किलो 200 ग्राम गेहूं लिया जा रहा है। प्रति बोरी 1 किलो अतिरिक्त अनाज लेना हजारों किसानों के साथ लाखों रुपए का भ्रष्टाचार उजागर करता है। परेशानियों का सिलसिला यहीं नहीं थमा। बीते शुक्रवार को चिलचिलाती धूप में किसानों की लंबी कतारें लगी रहीं, लेकिन केंद्र प्रभारी द्वारा तुलाई का काम बंद रखा गया। कई घंटों के इंतज़ार के बाद भी जब तुलाई शुरू नहीं हुई, तो किसानों का धैर्य जवाब दे गया। किसानों का आरोप है कि उन्हें जानबूझकर परेशान किया जा रहा है ताकि वे कम दाम या भ्रष्टाचार के दबाव में झुक जाएं। हम अपनी उपज लेकर दिन-रात लाइन में खड़े हैं, लेकिन यहाँ केंद्र प्रभारी की मनमानी चल रही है। सैंपल के नाम पर हमारा अनाज लूटा जा रहा है और तुलाई भी मानक से ज्यादा ली जा रही है। कोई सुनने वाला नहीं है। जांच कर कार्रवाई की मांग की गई है।

धर्मलोक हॉस्पिटल
A unit of Dharmlok Hospital Pvt. Ltd.
AN ISO 9001 : 2015 CERTIFIED
दूरबीन से पित्त की पथरी की सर्जरी, दूरबीन से अपेंडिक्स सर्जरी, दूरबीन से ओपन पेट की सर्जरी, उन्नत तकनीक (स्टेपलर/लेटर) के फिस्टुला सर्जरी, स्तन सर्जरी, किडनी/ प्रोस्टेट/मूत्रालशय सर्जरी, मधुमेह पैर की देखभाल/सर्जरी, तीव्र और जीर्ण घाव प्रबंधन।
डॉ. राजेश बत्रा
एम.एस., एफ.एम.ए.एस., एफ.आई.ए.जी.ई.एस., एफ.ए.आई.एस.
जनरल और लैप्रोस्कोपिक सर्जन
सामान्य एवं सिजेरियन डिलीवरी, अंडेदानी की गठान, उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था, निःसंतानता, बच्चेदानी निकालना, सफेद पानी का इलाज, गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी, बार-बार गर्भपात होना, पॉलिसिस्टिक ओवेरियन डिजीज/सिंड्रोम।
डॉ. हर्षा बत्रा
एमडी (ओबीजी)
सोनोग्राफी डिप्लोमा
स्त्री, प्रसूति एवं बांझपन विशेषज्ञ
आयुष्मान कार्डधारी मरीजों का एवं हेल्थ इंश्योरेंस कार्ड धारी मरीजों का निःशुल्क इलाज किया जाता है।
ओपीडी सुबह 11:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक
पता-आदर्श कालोनी रोड, कटनी (म.प्र.)
Ph. 07622-422390, 796084 Help line 24x7: 8305402024